हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

04 अंधे मोड़ पर हादसों का खतरा, अतिक्रमण हटाने और...



07 मंडी में 20 हजार बोरी मक्का की आवक, नई फसलों में सोयाबीन व...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

27वें शारदीय नवरात्रि साधना शिविर में मां ब्रह्मचारिणी की महिमा का वर्णन



गुना। जीवन में सफलता केवल इच्छाओं से नहीं, बल्कि तप, परिश्रम और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप साधकों को इसी साधनामय मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह विचार चेतना समूह के 27वें विशेष शारदीय नवरात्रि साधना शिविर में मार्गदर्शक दिनेश अग्रवाल ने मां ब्रह्मचारिणी की महिमा का वर्णन करते हुए व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि मां ब्रह्मचारिणी तप और साधना की प्रतीक हैं। नवरात्रि आत्मशक्ति के जागरण और आध्यात्मिक उन्नति का विशेष अवसर है। जीवन में प्रगति के लिए परिश्रम अनिवार्य है और साधना व्यक्ति को आत्मबल, धैर्य तथा संकल्प की शक्ति प्रदान करती है।चेतना साधक विकास जैन नखराली ने बताया कि नौ दिवसीय शिविर में दिनेश अग्रवाल मां दुर्गा के नौ स्वरूपों, उनकी पूजा-पद्धति और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी देकर साधकों को भारतीय संस्कृति एवं साधना परंपरा से जोड़ रहे हैं। शिविर व्यवस्थापक नितिन जैन ने बताया कि चेतना समूह के शिविरों में वेद, पुराण, शास्त्र और उपनिषदों की शिक्षाओं की वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्याख्या की जाती है।

चेतना साहित्य एवं कला परिषद ने साक्षी ओझा को दी श्रद्धांजलि

गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना की ओर से आशीर्वाद भवन, नयापुरा में बैठक आयोजित कर नवोदित ओजस्वी रचनाकार साक्षी ओझा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साक्षी लंबे समय से जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही थीं। उनके निधन पर परिषद के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी, संजय खरे, प्रेम सिंह प्रेम, हरीश सोनी, धर्मवीर सिंह, उमाशंकर भार्गव, निरंजन भाया कसेरा, राजेश जैन कपूर, दीपक शर्मा, नरेंद्र भार्गव पद्म, रामवीर शर्मा सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नशे में जेठ ने महिला से की मारपीट बीच-बचाव करने पर दी धमकी

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मानापुरा झाझौन गांव में एक पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में धुत जेठ ने घर में खाना बना रही अपनी बहू छोटी भाई की पत्नी के साथ लाठी से मारपीट कर दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया कृष्णाबाई (22) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत शाम करीब 6:30 बजे जब वह घर में खाना बना रही थी, तभी उसका जेठ कमल शराब के नशे में वहां आया। पारिवारिक बात को लेकर आरोपी ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब कृष्णाबाई ने गालियां देने से मना किया, तो कमल ने गुस्से में आकर लाठी से उसकी मारपीट कर दी, जिससे उसकी कमर और पेट में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

1015 किशोर-किशोरियों को मिला स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ

गुना। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सक्षम साथिया सशक्त समुदाय गतिविधि के तहत जिले के 6 विद्यालयों में किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से लगभग 1015 किशोर-किशोरियां लाभान्वित हुए। कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल म्याना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरोन, शासकीय मॉडल स्कूल आरोन, मॉडल हायर स्कूल बमौरी, कस्तूरबा गांधी छात्रावास बीनागंज एवं शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में आयोजित किया गया।

फरीदाबाद में पुलिस और गुना के पारदी गिरोह के बीच मुठभेड़

दो बदमाशों के पैरों में लगी गोली 15 हजार का इनामी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



देश के विभिन्न राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने के आरोपों से जुड़े गुना के कथित अंतरराज्यीय पारदी गिरोह और हरियाणा की फरीदाबाद क्राइम ब्रांच के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच हुई फायरिंग में गिरोह के दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने दोनों घायलों सहित कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मध्य प्रदेश के गुना और विदिशा जिले के निवासी शामिल हैं। इस गिरोह को कथित तौर पर पत्थर गैंग के नाम से भी जाना जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरीदाबाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-16 की टीम को गिरोह की गतिविधियों के संबंध में सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस ने बल्लभगढ़ सदर थाना क्षेत्र में गांव सोतई की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। पुलिस के मुताबिक, टीम को देखकर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। इस दौरान दो आरोपियों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने दोनों घायलों को हिरासत में लेकर उपचार के लिए बीके अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, मौके से भागने का प्रयास कर रहे पांच अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतबीर और सुखलाल निवासी रुशिया टपरा, जिला विदिशा तथा प्रताप, बेताल, धनसिंह, देवधर और हरबीर निवासी कनेरा, जिला गुना के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा, दो कारतूस, दो बड़े चाकू, दरवाजे तोड़ने में इस्तेमाल होने वाले दो सरिये, दो गुलेल और 17 कंचे बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक नेटवर्क और पूर्व की वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक पुलिस जांच के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में प्रताप नाम का बदमाश भी शामिल है, जिस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, प्रताप के खिलाफ आठ, बेताल के खिलाफ दो और धनसिंह के खिलाफ चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपियों ने हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। इसके लिए फरीदाबाद पुलिस मध्य प्रदेश पुलिस के संपर्क में है।पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ के अनुसार, गिरोह के सदस्य वारदात से पहले दिन के समय अलग-अलग इलाकों में घरों की रेकी करते थे। इसके बाद रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की योजना बनाते थे। बताया गया है कि घर में लोगों की मौजूदगी का अंदाजा लगाने के लिए वे खिड़कियों पर गुलेल से कंचे मारते थे। यदि घर के अंदर से कोई हलचल सुनाई देती, तो वे वहां से हट जाते थे। इसके विपरीत, किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर घर को निशाना बनाने का प्रयास करते थे।

जयस्तंभ चौराहा पर बीच सड़क पर सज रहा फूलों का थोक बाजार, वहीं मजदूरों का जमावड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सबसे व्यस्ततम और संवेदनशील माने जाने वाले जयस्तंभ चौराहे पर इन दिनों व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई नजर आ रही हैं। चौराहे के ठीक बीचोंबीच और आसपास सुबह के वक्त थोक फूलमालाओं का बाजार सज रहा है, जिससे मुख्य मार्ग पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थानीय किसानों और विक्रेताओं द्वारा सडक़ पर ही फूलों के बड़े-बड़े ढेर लगाकर बेचने से यहां रोजाना भारी जाम जैसे हालात बन रहे हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि दोपहर के समय इसी चौराहे पर दोपहिया वाहन चालकों के चालान काटने के लिए मुस्तैद रहने वाली यातायात पुलिस सुबह के समय पूरी तरह नदारद नजर आती है। हालांकि, आज सुबह जब जाम की स्थिति ज्यादा बिगड़ी, तो नगर पालिका का उडऩ दस्ता वाहन मौके पर पहुंचा और सडक़ के बीचोंबीच दुकान लगाकर बैठे थोक फूल-माला विक्रेताओं को खदेडक़र रास्ता खाली कराया गया। यातायात की समस्या को और गंभीर बनाने में सुबह-सुबह जयस्तंभ चौराहे पर जुटने वाली मजदूरों की भीड़ भी एक बड़ा कारण है। चौराहे पर काम की तलाश में रोज सुबह मजदूरों का भारी जमावड़ा लगता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है।

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस सांसद का पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कांग्रेस सांसद एवं जेएनयू के प्रोफेसर डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर 11 छात्राओं द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के मामले में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेसी सांसद प्रोफेसर के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से महिला सुरक्षा, सम्मान और छात्राओं को न्याय दिलाने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रजनी ओझा के नेतृत्व में महिला मोर्चा की समस्त कार्यकर्ता पार्टी जिला कार्यालय पर एकत्रित हुई और वहां से भाजपा का झंडा एवं कांग्रेस सांसद का पुतला लेकर रैली के रूप में कांग्रेसी सांसद के खिलाफ नारेबाजी करती हुई हनुमान चौराहे पर पहुंची जहां कांग्रेस विरोधी प्रोफेसर को तत्काल पार्टी से निकालना और लोकसभा की सदस्यता से बाहर करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ,सोनिया गांधी ,प्रियंका गांधी ,राहुल गांधी से मांग की कि ऐसे कांग्रेसी सांसद को तत्काल बर्खास्त करें। इस मामले ने शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा, शिकायतों की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही को लेकर चर्चा तेज कर दी है। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कि सोनिया गांधी एक तरफ कहती हैं कि मैं लड़की हूं लड़ सकती हूं मैं पूछना चाहती हूं कि कांग्रेसी सांसद प्रोफेसर के ऊपर विद्यालय की छात्राओं ने आरोप लगाए हैं इस पर नारी शक्ति को स्पष्टीकरण कांग्रेस को देना चाहिए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष सविता गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष गोमती ओझा,जिला मंत्री उमा लोधी,वरिष्ठ नेत्री अलका बिंदल,वंदना राठौर,बबीता साहू, कीर्ति सरवैया,अनीता शवाह,अरुणा सुमन, रश्मि सुखद, विनीता मिश्रा, सीमा सेन, रेखा कुशवाह, इंदु सोनी,ममता कुशवाह, काजल शिवहरे,उषा खटीक,प्रियंका शर्मा, किरण राठौर , हेमा अग्रवाल,कमला मेर,राधा ,छाया बालके रानी श्रीवास्तव ,मंजू सेन सहित बड़ी संख्या मे महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

एबीवीपी के प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्रवाई

वित्त नियंत्रक पद से हटाए, आरोपों की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में वित्तीय अनिमितताओं और शैक्षणिक व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा किए गए उग्र प्रदर्शन का असर अब दिखाई देने लगा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए डॉ. प्रभात चौधरी को वित्त नियंत्रक के पद से हटा दिया है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है। हालांकि, विश्वविद्यालय के कुलपति ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही वित्तीय गड़बड़ी के पुख्ता तथ्य सामने आएंगे।

तहसीलदार की कार्रवाई के बाद हरकत में आया प्रशासनः

गौरतलब है कि गत शनिवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं, जरूरी शैक्षणिक सुविधाओं की कमी, बस और जनरेटर की खरीद में देरी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान छात्रों की मांग पर तहसीलदार मयंक तिवारी ने मौके पर पहुंचकर वित्तीय दस्तावेजों वाले वित्त नियंत्रक के कक्ष को सील कर अपने कब्जे में ले लिया था। सोमवार को इस मामले का फॉलोअप लेने पहुंचे एबीवीपी के पदाधिकारियों को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई।

छात्र नेताओं ने आरोप लगाया था कि वित्त नियंत्रक द्वारा एक निजी वाहन के लिए एक ही दिन में 20 और 30 लीटर ईंधन की प्रतिपूर्ति के देयक प्रस्तुत किए गए थे, जो भारी वित्तीय लापरवाही को दर्शाते हैं। इसके अलावा पुस्तकालय में संदर्भ पुस्तकों की कमी और प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक उपकरणों के अभाव का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया था।

गोपनीय नोटशीट लीक होने पर कुलपति ने जताई चिंताः

सोमवार को इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. किशन यादव ने बताया कि शनिवार को जब छात्र परिषद के प्रतिनिधि ज्ञापन देने आए थे, तब वह और रजिस्ट्रार मुख्यालय पर उपस्थित नहीं थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सोमवार सुबह ही तत्काल प्रभाव से वित्त नियंत्रक को उनके पद से हटाकर जांच कमेटी बिठा दी गई है।कुलपति ने एक अहम खुलासा करते हुए यह भी बताया कि जिन नोटशीट और दस्तावेजों के आधार पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वे अत्यधिक गोपनीय दस्तावेज हैं और उन्हें सूचना के अधिकार के तहत भी विश्वविद्यालय द्वारा बाहर नहीं दिया गया था।

पारिवारिक कलह, संपत्ति में हिस्सा मांगने पर कलयुगी बेटे ने मां पर चाकू से किया हमला

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के रिजोदा रोड पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां संपत्ति में हिस्से की मांग को लेकर एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में महिला घायल हो गई, जिसे उपचार के बाद थाने पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया ऊषा बाई (45 वर्ष) पत्नी स्व. बंटी साहू निवासी रिजोदा रोड आरोन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत गत शाम करीब 4 बजे उसके बेटे कान्हा साहू ने उससे कहा कि वह शैलेन्द्र को फोन लगाकर उधार रुपए मंगवा दे। जब मां ने ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी बेटा घर में मकान का हिस्सा मांगने लगा। हिस्सा देने से इंकार करने पर आरोपी कान्हा तैश में आ गया और मां को गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने घर में रखे छोटे चाकू से अपनी मां के दाहिने कंधे पर पीछे की तरफ वार कर दिया, जिससे खून निकल आया। इसके बाद उसने थप्पड़ों से भी मारपीट की।

तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, बाइक सवार युवक-युवती गंभीर रूप से घायल

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोलारस रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सडक हादसे में बाइक पर सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी बृजेश मोगिया (22 वर्ष) निवासी कोलारस ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत शाम करीब 5 बजे वह कोलारस रोड पर खड़े थे। उसी दौरान उनके गांव के रवि मोगिया और लता मोगिया मधुसूदनगढ से अपनी बाइक पर सवार होकर कोलारस लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रही बाइक के चालक ने अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया ओरछा और झांसी का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पीएम श्री योजना के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बजरंगगढ़, गुना के कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए ओरछा और झांसी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास, स्थापत्य कला, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली अतीत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण दल को विद्यालय के प्राचार्य एच.के. मीना एवं उपप्राचार्य मोहम्मद दानिश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने तथा ऐतिहासिक स्थलों से अधिकतम ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण दल में पीजीटी हिंदी नरेंद्र कुमार यादव, शिक्षक मुकेश कुमार, स्टाफ नर्स आरती और कंप्यूटर साइंस शिक्षिका पूजा सहित अन्य संबंधित सदस्य शामिल रहे। भ्रमण का नेतृत्व नरेंद्र कुमार यादव ने किया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने ओरछा के प्रसिद्ध मंदिरों और ऐतिहासिक किले का अवलोकन किया।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, शपथकर्ता कैलाश नारायण खत्री (**KALASH NARAYAN KHATRI**) पुत्र सुंदरलाल खटिक, शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा सही नाम कैलाश नारायण खत्री है। ऋटिवश मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम कैलाश नारायण खटीक (**KALASH NARAYAN KHATIK**) अंकित हो गया था। मेरे सभी दस्तावेजों में कैलाश नारायण खत्री (**KALASH NARAYAN KHATRI**) दर्ज है। अतः भविष्य में सभी शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों में मेरा नाम कैलाश नारायण खत्री ही माना जाए।

कैलाश नारायण खत्री
निवासी आई-1, रेस्ट हाउस के पास, पी डब्ल्यूडी कुआटेर गुना, जिला गुना (म.प्र.)

सार्वजनिक नव कला मंडल एवं श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव समिति का प्रभावशाली मंचन

कैकेयी ने मांगा श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सार्वजनिक नव कला मंडल एवं श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव समिति, शास्त्री पार्क द्वारा आयोजित रामलीला में रविवार को महाराज दशरथ और माता कैकेयी के संवाद का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। रामायण के इस महत्वपूर्ण प्रसंग में माता कैकेयी द्वारा अपने दो वरदान मांगने और भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने की घटना को कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से मंच पर उतारा। प्रसंग के दौरान महाराज दशरथ की व्याकुलता, पुत्र श्रीराम के प्रति उनका अपार प्रेम और वचनपालन की विवशता ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला में दिखाया गया कि महाराज दशरथ ने माता कैकेयी को पूर्व में दो वरदान देने का वचन दिया था। समय आने पर कैकेयी ने पहला वरदान भरत के लिए अयोध्या का राजसिंहासन और दूसरा भगवान श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगा। कैकेयी की मांग सुनकर महाराज दशरथ स्तब्ध रह गए। जिस श्रीराम को वे अपना उत्तराधिकारी बनाकर अयोध्या का राजा देखना चाहते थे, उन्हीं को वनवास भेजने की बात उनके लिए असहनीय थी।

पुत्र प्रेम और वचन पालन के बीच धर्मसंकट में पड़े दशरथ

महाराज दशरथ के जीवन का यह प्रसंग पिता के स्नेह और वचन की मर्यादा के बीच उत्पन्न गहरे द्वंद्व को दर्शाता है। एक ओर उनके हृदय में श्रीराम के प्रति असीम प्रेम था, तो दूसरी ओर रघुकुल की परंपरा और अपने वचन को निभाने का दायित्व। वे कैकेयी की मांग से अत्यंत दुखी हुए, लेकिन वचन की मर्यादा ने उन्हें असहाय स्थिति में ला खड़ा किया। मंचन के दौरान कलाकारों ने संवादों, हाव-भाव और भावपूर्ण अभिव्यक्ति के माध्यम से इस पीड़ादायक परिस्थिति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शकों ने प्रसंग को ध्यानपूर्वक देखा और कलाकारों के अभिनय की सराहना की। रामायण का यह प्रसंग दर्शाता है कि धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलना कई बार अत्यंत कठिन परीक्षा बन जाता है। रामलीला के इस दृश्य में विभिन्न कलाकारों ने अपनी भूमिकाओं का प्रभावशाली निर्वहन किया। भगवान श्रीराम की भूमिका दीपक शर्मा ने निभाई, जबकि लक्ष्मण के स्वरूप में नरेंद्र कुशवाह नजर आए। माता कैकेयी की भूमिका गजराज चंदेल ने और महाराज दशरथ की भूमिका राम बाबू शर्मा ने निभाई। माता सीता के स्वरूप में आशु तथा व्यास की भूमिका में भगवत जी ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रामलीला समिति के संयोजक बृजेन्द्र सिंह पवैया , अध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, महामंत्री अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ओम लोधा एवं उपाध्यक्ष नारायण लाल मेयर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

अधिवक्ता अभिषेक जैन के पूज्य पिताजी राजेंद्र कुमार जैन का निधन, जैन समाज में शोक



चांचौड़ा। पेंची निवासी राजेंद्र कुमार जैन का 10 अक्टूबर 2026 को स्वर्गवास हो गया। वे समाजसेवी अरुण कुमार, भूपेंद्र कुमार एवं अधिवक्ता अभिषेक कुमार जैन के पूज्य पिताजी तथा रजत, शुभम, अरिहंत और अदम्य के दादाजी थे। उनके निधन का समाचार मिलने से परिवार, रिश्तेदारों, परिचितों एवं जैन समाज में शोक का माहौल है।श्री राजेंद्र कुमार जैन के निधन से परिवार ने अपने प्रियजन को खो दिया है। उनके निधन पर शुभचिंतकों एवं समाजजनों द्वारा शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

खोंगरा के प्राचीन मां अष्टभुजी मंदिर में नवरात्रि पर उमड़ते हैं श्रद्धालु

राधोगढ़। सिद्ध पीठ माँ अष्टभुजी माता मंदिर जो बहुत प्राचीन मंदिरों में शुमार है। मंदिरों को सजाया गया यह मंदिर करीब 60 साल पूर्व का है। इस पवित्र स्थान पर माता जी के मंदिर से पहले सिर्फ हनुमान जी व माताजी का चबूतरा हुआ करता था। यहां वर्षों से आ रहे लोग बताते है कि यहां माँ अष्टभुजी स्वयं प्रकट हुई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा माताजी की पूजा - अर्चना के साथ उन्हें स्थापित किया। जब से आज तक जनसहयोग से धीरे धीरे मंदिर का जीणोद्धार किया गया। खोंगरा स्थित माँ अष्टभुजी के बारे में कहा जाता है कि माता दिन में तीनों समय अलग रूप में दर्शन देती है। कहा जाता है कि सुबह माता बाल रूप में दर्शन देती है दोपहर में युवावस्था व शाम को वृदावस्था में भक्तों को दर्शन देती है। खोंगरा स्थित माँ अष्टभुजी मंदिर पर पहाड़ी पर तीनों दिशाओं में माता अष्टभुजी, श्री हनुमानजी महाराज व भगवान शिव अपने परिवार के साथ विराजमान है। नवरात्रि के समय यहां 9 दिनों तक रामायण पाठ किया जाता है साथ ही आरती में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते है। इतना ही नही नो दिनों की साधना के बाद यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमे दूर - दूर तक लोग प्रसादी ग्रहण करने आते है।



धरनावदा से छबड़ा-कोटा की बदहाल सड़क

गुना। मध्य प्रदेश को राजस्थान से जोड़ने वाला धरनावदा होते हुए छबड़ा और कोटा की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग आज बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसे देखकर विकास के सभी दावों पर सवाल खड़े होना लाजिमी है। यह कोई आम ग्रामीण सडक़ नहीं, बल्कि क्षेत्र के आवागमन और परिवहन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। लेकिन विडंबना देखिए कि महज लगभग 10 किलोमीटर का यह रास्ता जगह-जगह बड़े-बड़े और गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है। स्थिति यह है कि यहां सडक़ कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं। वाहन चालकों को हर कदम पर अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

गायत्री मंदिर से गोया रोड बायपास तक सड़क निर्माण शुरू

अंधे मोड़ पर हादसों का खतरा, अतिक्रमण हटाने और मोड़ सीधा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



गायत्री मंदिर से गोया रोड बायपास तक सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नगर परिषद की ओर से टेंडर जारी होने के बाद निर्माण कार्य प्रगति पर है। आगामी दो से तीन माह में सड़क तैयार होने की उम्मीद है। सड़क बनने से लंबे समय से परेशान वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय निवासी बृज किशोर माली ने बताया कि मार्ग पर अशोक कुमार माली के मकान के पास स्थित एक मोड़ काफी खतरनाक है। मोड़ अंधा होने के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार स्कूटी सवार नाले में गिर चुके हैं। उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान इस मोड़ को सीधा कर सुरक्षित बनाने की मांग की।

अतिक्रमण हटाकर पर्याप्त चौड़ाई में बने सड़क

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान मार्ग पर मौजूद अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए, ताकि सड़क पर्याप्त चौड़ाई में बन सके और वाहनों की आवाजाही सुगम हो। लोगों के अनुसार, कुछ स्थानों पर घरों के बाथरूम सड़क किनारे बने हुए हैं, जिससे गंदगी फैलती है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे स्थानों पर उचित व्यवस्था कर मार्ग को साफ-सुथरा बनाने की जरूरत है।

राजगढ़ मार्ग से जुड़ता है बायपास

यह बायपास आगे चलकर राजगढ़ जाने वाले मार्ग से जुड़ता है। इस रास्ते से बड़े वाहनों की आवाजाही भी होती है। ऐसे में सड़क निर्माण के साथ खतरनाक मोड़ को दुरुस्त करना, अतिक्रमण हटाना और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करना जरूरी है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि संबंधित अधिकारी इन समस्याओं पर ध्यान देंगे, ताकि सड़क बनने के बाद आवागमन सुरक्षित और सुविधाजनक हो सके।

कुंभराज में प्राइवेट स्कूल संगठन का चुनाव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

जिले के कुंभराज में 9 अक्टूबर 2026 को प्राइवेट स्कूल संगठन की बैठक गुना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडी रोड पर आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित स्कूल संचालकों ने सर्वसम्मति से चंपालाल साहू, संचालक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडी रोड कुंभराज को संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया। चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल, तौकीर फारूकी , संभागीय उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, अवधेश अवस्थी और प्रमोद भार्गव उपस्थित रहे। सभी स्कूल संचालकों ने हाथ उठाकर और टेबल बजाकर अपनी सहमति व्यक्त की। चयन के बाद संभागीय उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष चंपालाल साहू को ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के संचालकों ने भाग लेकर संगठन की मजबूती और शिक्षा से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे।

शारदीय नवरात्रि में घर-घर विराजीं जगदम्बा, लगे माताराणी के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

शारदीय नवरात्रि के शुरू होते ही माँ जगदम्बा की घट स्थापना घर घर हो गई है, नगर में माताराणी की कई जगह झाकियों में भी घट स्थापना हो गई है, मंदिरों पर नवधा पारायण और अखण्ड रामायण पाठ आरम्भ हो गया है, गायत्री शक्ति पीठ पर नौ कुण्डीय अनुष्ठान प्रारम्भ हो गया है, नगर में इनका इतिहास पुराना हो गया है, यहां नवधा रामायण पाठ की परम्परा जीतसिंह जी महाराज ने गुरु महाराज मंदिर पर 45 वर्ष पूर्व शुरू करवाई थी, वहीं माताराणी की सर्वप्रथम झांकी 1987 मे श्री राम उत्सव समिति द्वारा नगर के ह्रदय स्थल गोलमंडल पर लगाई गई थी, इसके बाद यह सिलसिला ऐसा चला कि अब सारे नगर में यह परम्परा शुरू होगई, इसी के साथ भक्त शक्ति की भक्ती में लीन हो गए है, अल सुबह से ही मातृशक्ति मंदिरों पर दर्शनार्थ जा रही है भक्तों का ताता लग गया है, चारों तरफ माताराणी के जयकारे लगने लगे है, आराधना और उपासना के इस पर्व से नगर में धर्म की गंगा बह रही है, नो दिनों तक चलने वाले इस पर्व मे विभिन्न आयोजन होते है, लोगों की उपासना का अपना तरीका है जिसमे कोई नंगे पैर चल रहा है तो कोई निराहार व्रत भी कर रहा है, इस दौरान अखण्ड रामायण पाठ, नवधा रामायण पारायण, अखण्ड ज्योति, दुर्गा सप्तशदी का पाठ के साथ कन्या पूजन भी किया जावेगा, ग्रामीण अंचल मे भी भक्त बड़े उत्साह और उमंग के साथ माता के नो रूपों की पूजा पाठ मे लीन हो गए है, इस अवसर पर मंदिरों और झाकियों के पांडालों की विशेष साज सज्जा कर रहे हैं।

महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती धूमधाम से मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

चाचौड़ा रोड स्थित वागीश गार्डन में महाराजा अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में समाज के बच्चों, युवाओं, महिलाओं, पुरुषों और वरिष्ठजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम दिन बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन सुबह 11 बजे वाहन रैली निकाली गई, जबकि शाम 4 बजे मनोहर धर्मशाला से वागीश गार्डन तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप ने शोभायात्रा में शामिल समाजबंधुओं का स्वागत किया। इसके बाद महाराजा अग्रसेन जी का विधिवत पूजन किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने उनके जीवन, आदर्शों और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाराजा अग्रसेन जी को भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी का वंशज माना जाता है। उन्होंने यज्ञों में पशुबलि का विरोध करते हुए अहिंसा का मार्ग अपनाया और समाज को समानता, सेवा तथा सहयोग का संदेश दिया। मान्यता के अनुसार, उनके द्वारा करवाए गए 17.5 यज्ञों और ऋषियों के मार्गदर्शन से अग्रवाल समाज के साढ़े सत्रह गोत्रों की उत्पत्ति हुई। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पेशेवर व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

राघोगढ़ में महाराजा अग्रसेन जी की निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघोगढ़

नगर में रविवार को अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंगल भवन परिसर में महाराजा अग्रसेन जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। जयंती महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। नगर के मुख्य चौराहे पर सर्व समाज हिंदू संगठन की ओर से अग्रवाल समाज के लोगों का फूलमाला और साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों का भी स्वागत किया गया। अग्रवाल समाज, राघोगढ़ द्वारा आयोजित महाराजा श्री अग्रसेन जी के 5150वें जयंती महोत्सव में विधायक जयवर्धन सिंह एवं विधायक ऋषि अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। अग्रवाल समाज की ओर से विधायक जयवर्धन सिंह और विधायक ऋषि अग्रवाल का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक जयवर्धन सिंह ने समाज के लोगों, माताओं बहनों और उपस्थित जनों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

सड़क सुरक्षा मतदाता जागरूकता एवं सामाजिक दायित्व कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत "सेवा मेरा योगदान" विषय के तहत सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता एवं सामाजिक दायित्व पर आधारित जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, जिम्मेदार एवं जागरूक मतदान तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही, मतदाता जागरूकता के अंतर्गत प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जरूरतमंदों की सहायता एवं समाजहित में सेवा कार्य करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 45 विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के 07 शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता एवं उपस्थिति रही।

जनगणना कार्य के द्वितीय चरण संबंधी जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

अशोकनगर। जनगणना कार्य निदेशालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिला अशोकनगर के जनगणना 2027 के द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना हेतु सोमवार को जिला पंचायत सभागार में अशोकनगर में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण अपर कलेक्टर डी एन सिंह, जनगणना कार्य निदेशालय के संयुक्त संचालक रामावतार पटेल, जिला योजना अधिकारी बी.एस वसुनिया की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के 8 ग्रामीण चार्ज अधिकारियों, 6 नगरीय चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना चार्ज क्षेत्र में संलग्न समस्त कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमें निदेशालय से नियुक्त मास्टर ट्रेनर जमील खान एवं रजनीश भार्गव द्वारा जनगणना कार्य को सुचारू संचालन के लिए जनगणना कार्य की बारीकियां से परिचय कराया गया। चार्ज अधिकारियों से जनगणना कार्य को सतत निगरानी में कराने,आंकड़ों की वास्तविक जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराने बारे में बताया गया। संयुक्त संचालक पटेल ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना के प्रथम चरण का शत प्रतिशत कार्य निर्धारित समय के पूर्व किया गया। इसके लिए जनगणना कार्य में संलग्न समस्त कर्मचारी बधाई के पात्र है।

धार्मिक भावनाएं आहत करने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मुंगावली निवासी चमन चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अंशुल सेन ने राष्ट्रहित में कार्य करने वाले संगठनों के विरूद्ध झूठी एवं आपत्तिजनक बातें सोशल मीडिया पर फैलाईं जिससे मेरी व दल की भावनाएं आहत हुईं। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

पिपरई में श्री बालाजी सरकार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भक्तिभाव से शुभारंभ



पिपरई। नगर के श्री रामलीला मैदान स्थित प्राचीन मंदिर में आराध्य श्री बालाजी सरकार की दिव्य प्रतिमा विराजमान होने के साथ ही मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का धार्मिक विधि-विधान से शुभारंभ हो गया। इस पावन अवसर पर सोमवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म और आस्था का परिचय दिया। कलश यात्रा में माताओं एवं बहनों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। यात्रा में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, जनप्रतिनिधि सहित समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। ब्रह्माकुमारी आश्रम की ओर से सजाई गई आकर्षक एवं मनमोहक झांकी ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। नगरवासियों ने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर, फूलों और आकर्षक सजावट के माध्यम से कलश यात्रा का स्वागत किया। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई तथा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। डीजे पर गूंजते मंगल गीतों और भजनों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस धार्मिक आयोजन में नगर के सभी समाजों ने मिलकर सहभागिता की और कलश यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। श्री बालाजी सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ ने नगर में उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण निर्मित कर दिया।

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में इन्नोवेशन चैलेंज प्रतियोगिता एवं तकनीकी मॉडल प्रदर्शनी



अशोकनगर। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सोमवार को संस्था में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत इन्नोवेशन चैलेंज प्रतियोगिता एवं तकनीकी मॉडल प्रदर्शनी कार्यक्रम के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया और इलेक्ट्रॉनिक प्रोजेक्ट एवं मॉडल का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य नारायण पाठक वोकेशनल ट्रेनर उपस्थित हुए एवं छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया, इसी प्रकार से अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सचिन शर्मा भारत यादव सतपाल चौधरी प्रशांत चौहान उपस्थित रहे।

अगस्त 2023 में नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को 100 प्रतिशत वेतन का भुगतान किए जाने की मांग



अशोकनगर। अगस्त 2023 में अशोकनगर जिले में आदेश क्रमांक 2286 दिनांक 11/08/2023 के द्वारा कुल 247 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती की गई थी, जिनकी सेवा के 3 वर्ष अगस्त 2026 में पूर्ण हो चुके हैं। विकासखंड अशोकनगर में कार्यरत सभी शिक्षकों को 100 प्रतिशत वेतन का भुगतान किया जा रहा है। इसके पूर्व जिन शिक्षकों की नौकरी के 3 वर्ष मार्च माह में पूर्ण हुए थे, उन्हें भी अप्रैल माह से संपूर्ण जिले में 100 प्रतिशत वेतन दिया जा रहा है। परंतु विकासखंड मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ के अंतर्गत कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों के साथ इस प्रकार का भेदभाव क्यों किया जा रहा है? इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया गया, तो उन्होंने कहा कि यह उनके स्तर से संभव नहीं है, इसके लिए जिला स्तर से ही आदेश होना आवश्यक है। विकासखंड मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ के अगस्त 2023 में नियुक्त समस्त प्राथमिक शिक्षकों को भी 100 प्रतिशत वेतन का भुगतान करने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आदेशित किया जाए।

स्कूल में कैबिनेट का गठन: कई स्कूली बच्चे मुख्यमंत्री के साथ-साथ विभिन्न मंत्री बने और शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



टी.ए.व्ही. हायर सेकेंडरी स्कूल, मुंगावली में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र संघ चुनाव का आयोजन किया गया। जिसमें टीएव्ही कैबिनेट का गठन किया गया। चुनाव में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री, शिक्षा मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री एवं खेल मंत्री सहित विभिन्न पदों के लिए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रचार-प्रसार से लेकर मतदान तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता निभाई।

चुनाव परिणामों में मुख्यमंत्री पद पर काव्यांशी सोनी ने जीत हासिल की तो वही स्वास्थ्य मंत्री पद पर पलक जैन, वित्त मंत्री पद पर दिव्यांशी राय, रक्षा मंत्री पद पर लवी गुर्जर, शिक्षा मंत्री पद पर हेमंत गौतम, सांस्कृतिक मंत्री पद पर विराज यादव तथा खेल मंत्री पद पर लव पाठक विजेता रहे। सभी जीते हुए विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी गई। इस अवसर पर विजेताओं के सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया गया। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जैन ने अपने संदेश में कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार की रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं संस्कारवान नागरिक बनाना है,जो भविष्य में राष्ट्र की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को सशक्त बनाने में सहभागी बनें। भाई विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विजेता मंत्रिमंडल को रिबन, बैच, केप, विसल, देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य टीना गुप्ता सीईओ पुनीत जैन खेल प्रशिक्षक जावेद खान शिक्षक आदि जैन एवं चुनाव कमेटी का विशेष सहयोग रहा।

जैन दर्शन गुणों का उपासक है, न कि ऊर्जा का: मुनि श्री निरंजन सागर जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मात्र जैन दर्शन ही एक ऐसा दर्शन है जो आपको समिचीनता से परिचय प्राप्त कराता है। जैन दर्शन का अनेकांतवाद का सिद्धांत ही आज विश्व में फैले आतंकवाद का निराकरण कर सकता है। आज विश्व के कई देश अपने आप को ऊर्जावान बनाने की होड़ में अंधी दौड़ लगा रहे हैं और ऊर्जा को प्राप्त करने के लिये ऊर्जा के साधनों की आराधना में लगे हैं। परन्तु जैन दर्शन का अनेकांतवाद का सिद्धांत गुणों की आराधना की प्रेरणा देता है। क्योंकि गुणों के बिना ऊर्जा का कोई महत्त्व नहीं है और जहाँ पर गुण है, वहाँ ऊर्जा आवश्यकता ही नहीं। आचार्यों ने वन्दे तद् गुण लब्धये कहा है। इस बात को समझने की नितान्त आवश्यकता है। गुणों की साधना और ऊर्जा की साधना दोनों में बहुत बड़ा अन्तर है। आज हर कोई ऊर्जा को प्राप्त करना चाहता है। पर क्या बिना गुणों को प्राप्त किये आपको ऊर्जा मिल सकती है नहीं न।

इसलिये जैन दर्शन कहता है अपनी ऊर्जा का सदुपयोग गुणों की प्राप्ति में करना है। न कि अपनी ऊर्जा का दुरुपयोग ऊर्जा की प्राप्ति में करना है। जो गुणवान है वह स्वयं ऊर्जावान है। जहाँ- जहाँ गुण है वहाँ-वहाँ ऊर्जा है। लेकिन जहाँ-जहाँ ऊर्जा है वहाँ-वहाँ गुण हो ही, यह अनिवार्य नहीं। ऐसी गुण विहीन ऊर्जा को ही नकारात्मक ऊर्जा कहते हैं। इसलिये आचार्यों ने जैन दर्शन के मूलभूत सिद्धान्त अनेकांतवाद को शान्ति का मूल कारण माना है। और इस सिद्धान्त के अभाव में अशान्ति है, आतंकवाद है।

खबर संक्षेप

ट्रैक्टर की टक्कर से 5 वर्षीय बालक की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत ग्राम खामपुरा निवासी मोहन आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने अपने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी के नाती को टक्कर मार दी जिससे 5 वर्षीय मुक्स पुत्र केदार आदिवासी को आई चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मर्ग की जांच पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत 7 अगस्त को अरूण केवट पुत्र भरत केवट उम्र 28 साल निवासी रांवसर जागीर की मौत हो गई थी। जिसमें उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके बाद पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। मर्ग की जांच पर से पुलिस ने शंकरपुर निवासी सुनीता और सोना केवट के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का मामला दर्ज किया है।

धोखाधड़ीपूर्वक खाते से 68 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम कुलवार निवासी योगेश सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात आरोपी ने फरियादी के खाते से 68000 रूपए निकाल लिए। जिस पर पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

सर्पदंश से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम थूवोन निवासी शिवानी पुत्री कल्ला आदिवासी उम्र 12 साल को सर्प ने डस लिया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

करंट लगने से युवक की मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अमाही पछार निवासी रामबाबू पुत्र पूरन सिंह कुशवाह उम्र 42 साल को खेत पर बिजली का करंट लग गया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

घर में रखे गद्दे और कपड़ों पर पेट्रोल डालकर आग लगाई

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी मुन्नी बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजेन्द्र यादव उम्र 37 साल उसके घर में उससे पैसे मांगे न देने पर उससे मारपीट की और घर में रखे कपड़े व विस्तर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमखेडा छुईपुरा निवासी अमरसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामकिशन, भैयालाल, परमाल कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कतियापुरा चंदेरी निवासी रामप्रसाद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गब्बर अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरादपुर निवासी दयाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मुकेश, रामप्रकाश अनिल, संजना और कृष्णाबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जंघार निवासी महिपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नेपाल, धुरव, ममतेश बाई यादव ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी मूलचन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामसिंह, और रविन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पारसौल निवासी रामसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मूलचन्द्र और संटू जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कांकड़ा निवासी प्रमोद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धर्मेन्द्र और विजय अहिरवार ने उससे मारपीट की। पिपरई थाने के अंतर्गत पिपरई निवासी राहुल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जितेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की।

नई फसलों के आने से बाजार में रौनक नजर आने लगी

मंडी में 20 हजार बोरी मक्का की आवक, नई फसलों में सोयाबीन व उड़द का भी आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





कृषि उपज गल्ला मंडी अशोकनगर में खरीफ की नई फसलों का आगमन शुरू हो गया है। मंडी में पहली बार 20 हजार बोरी मक्का की बंफर आवक हुई, यह इस सीजन में पहली बार आवक है। नई फसलों में सोयाबीन और उड़द का आगमन भी मंडी में हो गया है। शुरूआती दौर में नई फसलों में तेजी का रूख है, जिससे लग रहा है कि आने वाले दिनों में यह फसलें और भी अधिक दामों पर पहुंचेगीं। अशोकनगर मंडी में नई फसलों में मक्का अब बड़ी फसल हो गई है। हालांकि मक्का इस वर्ष किसानों ने गत वर्ष मिले कम दामों के कारण कम रकबे में बोई थी। जिन किसानों का रूख सोयाबीन से हटकर मक्का की ओर हो गया था उन किसानों का रूख फिर से मक्का से सोयाबीन की ओर हो गया है इससे 50 हजार हेक्टयेर क्षेत्र में मक्का की बोवनी कम हुई है और सोयाबीन का उत्पादन पहले की तरह किसानों ने किया है।

सोयाबीन के दाम गतवर्ष से 1000 रुपए अधिक

इसी प्रकार अशोकनगर गल्ला मंडी में सोयाबीन की आवक 5000 बोरी रही, नए सोयाबीन की आवक होने के साथ दाम भी 6000 से 6500 के बीच में रहे। इस बार नए सोयाबीन के आते ही दाम तेजी की ओर हैं, लगभग 1000 रुपए अधिक दाम गतवर्ष की तुलना में अधिक हैं। गतवर्ष जब मंडी में सोयाबीन का आगमन हुआ था तब दाम 5500 खुले थे। गल्ला व्यापारी राजेश पालीवाल ने बताया कि गत वर्ष से 1000 रुपए की तेजी है और आगे भी दिशावर बता रही हैं कि सोयाबीन में तेजी का रूख हो सकता है। हालांकि सोयाबीन में नमी आ रही है लेकिन उसके बाद भी दाम अधिक हैं। कई ट्रक माल प्लांटों की ओर जा रहा है तो कई व्यापारी अभी से सोयाबीन का स्टॉक करने में लगे हैं, प्रतिदिन आधा दर्जन ट्रक महानगरों की ओर जा रहे हैं।

मक्का तोड़ रही रिकार्ड, 20 हजार बोरी माल की आवक



अशोकनगर गल्ला मंडी में मक्का की आवक 20 हजार बोरी की रही। लगभग 600 ट्राली मक्का गल्ला मंडी में पहुंची। मक्का के दाम 1500 से 2400 के बीच रहे। अभी मक्का में नमी देखने को मिल रही है उसके बाबजूद भी दाम शुरूआती दौर में गतवर्ष से अधिक हैं। इस वर्ष यह उम्मीद जताई जा रही है कि मक्का के दाम तेज रहेगें अगर ऐसा हुआ तो किसानों को रूख फिर से मक्का की ओर हो सकता है। वर्तमान में अशोकनगर गल्ला मण्डी से मक्का राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की ओर जा रही है। कुछ व्यापारी मक्का का स्टॉक कर रहे हैं लेकिन मक्का की शुरूआत को देखते हुए लगता है कि इस बार मक्का के दाम अधिक रहने की संभावना है।

मंडी में उड़द के दाम भी तेज स्टॉक करने में व्यापारी जुटे

मंडी में उड़द पिछले 20 दिनों से आ रही है। शुरूआत में उड़द 2500 से 3000 बोरी की आवक हो रही थी, वर्तमान में 1000 बोरी माल की आवक रही। मंडी में उड़द के दाम भी तेज चल रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार 6000 से 8500 के बीच उड़द बिक रही है। जिसमें माल में मिलावट है या क्वालिटी कमजोर है उसके दाम कम है। जिस माल की क्वालिटी अच्छी है उसके दाम अधिक मिल रहे हैं। उड़द को लेकर यह संभावना जताई जा रही है कि इस बार उड़द में तेजी का रूख रहने की संभावना है। जिसे लेकर व्यापारी अभी से स्टॉक करने में लगे हैं।

मंडी में नई धान की आवक 300 बोरी रही

मंडी में नई फसलों में धान की 300 बोरी आवक सोमवार को रही। मंडी में नया धान भी आने वाले दिनों में और अधिक आवक के रूप में आने की संभावना है। मंडी में धान के दाम 3200 से 3500 रुपए क्विंटल के बीच रहे। मण्डी में अन्य फसलों में चना की आवक 300 बोरी रही, और दाम 6300 से 7300 के बीच में रहे, मसूर की आवक 75 बोरी रही और दाम 6000 से 6700 के बीच रहे। सरसों की आवक 500 बोरी रही और दाम 7400 से 7900 के बीच में रहे।

मंत्री सिंधिया डाकघर के नए भवन का करेंगे शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के जिले के तीन दिवसीय भ्रमण आ रहे हैं। जिसके अंतर्गत वह कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। केन्द्रीय मंत्री के 16, 17 एवं 18 अक्टूबर को जिले के भ्रमण के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यकमों एवं बैठकों की समुचित व्यवस्थाओं हेतु संबंधित अधिकारियों की डयूटी लगाई जाए।

भ्रमण के दौरान 16 अक्टूबर को केन्द्रीय मंत्री द्वारा करीला माता मंदिर में दर्शन तथा आदिवासी सम्मेलन, मुंगावली में दिशा बैठक एवं प्रेस कांफ्रेस, सेहराई में हितग्राहीयों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा। 17 अक्टूबर को चंदेरी किला कोठी पर जनसंपर्क, निर्माणधीन अस्पताल का निरीक्षण, ग्राम चैपाल में भाग लेगें। साथ ही अशोकनगर में पोस्ट आफिस का उद्घाटन, विकास कार्यो का उद्घाटन एवं शिलान्यास एवं युवा संगम कार्यक्रम में भाग लेगें। इसी प्रकार 18 अक्टूबर को जनसंपर्क कार्यालय में जनसंपर्क करेंगे। शासकीय विधि महाविद्यालय के समीप निर्मित होने वाले नवीन कॉल सेंटर भवन का भूमिपूजन करेगें। साथ ही कौशल विकास सम्मेलन का आयोजन तथा आपदा राहत युवा मित्र कार्यक्रम में भाग लेगें। तत्पश्चात नगर सौदर्यीकरण के कार्यो का भूमि पूजन करेगें।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति, समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए जिले की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में सुधार लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोकसेवा अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में स्वामित्व योजना का जिले में क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए ई केवाईसी, रजिस्ट्री इनीशिएशन तथा रजिस्ट्री सत्यापन के संबंध में विस्तार से समीक्षा की।

आनंदपुर ट्रस्ट में पड़ोसी देश से आए 199 दर्शनार्थियों को दिल्ली वापस रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आनंदपुर ट्रस्ट में श्री पंचम पादशाही के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में पाकिस्तान से आए 199 सिंधी दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए अशोकनगर पुलिस ने किए व्यापक पुलिस वेरीफिकेशन प्रबंध, निर्धारित अवधि पूर्ण होने पर आवश्यक सत्यापन एवं जांच उपरांत सभी को दिल्ली के लिए रवाना किया है।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आनंदपुर ट्रस्ट में श्री पंचम पादशाही के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आए 199 सिंधी दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए गए। उल्लेखनीय है कि दिनांक 17 सितंबर 2026 को आनंदपुर ट्रस्ट पहुंचे उक्त पाकिस्तानी नागरिकों के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इमिग्रेशन संबंधी कार्यवाही, फोटोग्राफ का मिलान, पासपोर्ट एवं वीजा का सत्यापन तथा आवश्यक जांच की गई। उनकी सुरक्षा एवं गतिविधियों की निगरानी के लिए निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। प्रवास अवधि के दौरान पुलिस द्वारा सभी दर्शनार्थियों के आवागमन पर निगरानी रखी गई। निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था के तहत उनका प्रवास आनंदपुर ट्रस्ट परिसर स्थित समाधि स्थल तक सीमित रहा तथा निर्धारित व्यवस्था के अतिरिक्त अन्यत्र भ्रमण नहीं किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी संबंधी दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया गया।

जुए के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में दो स्थानों पर पुलिस ने जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की है। शाढौरा पुलिस ने कुम्हार मोहल्ला में घाटी के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अंतिम रघुवंशी, राजा खान, नवीद खान, सलमान खान, ताजउददीन खान, फूलसिंह अहिरवार को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 4300 रूपए और ताश की गड्डी बरामद की है। इसी प्रकार चंदेरी पुलिस ने पुराने थाने के पीछे कटरा मोहल्ला में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए बारिस अली, इंतजार अली, इमरान खान को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 1870 रूपए और ताश की गड्डी जप्त की गई है।

डीएसओ ने दिल्ली में हो रहे आंदोलन के समर्थन में दूसरे दिन भी अशोकनगर में विरोध प्रदर्शन किया



अशोकनगर। देश की राजधानी दिल्ली में हो रहे आंदोलन के समर्थन में अशोकनगर में भी डीएसओ ने दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन किया और इसकी निंदा की। इस मौके पर कहा गया कि दिल्ली में डीएसओ के छात्र नेताओं सहित अन्य कई हजारों छात्र छात्राओं व जाने-माने लोग, वकील, हजारों आम लोग और यहाँ तक कि इंडिपेंडेंट मीडिया के सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। हम इस अघोषित इमरजेंसी की कड़ी निंदा करते हैं और देश भर के लोगों से इसके खिलाफ़ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की अपील करते हैं। हम शासन के खिलाफ अपनी आवाज़ उठाते हैं। दिल्ली में डीएसओ के मध्यप्रदेश के नेतृत्व कारी पदाधिकारियों को पुलिस के द्वारा डिटेन किया गया जिसकी डीएसओ निंदा करता है।

खास बातें

- किसी भी तरह के शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलनो में पुलिस हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए।
- एसआईआर को रद्द किया जाए।
- ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त किया जाए।
- किसी भी नाम पर आंदोलनकारिओं को अरेस्ट करना उन्हें डिटेन करने जैसे निंदनीय कदम पर रोक लगाई जाए।
- लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए अनुमति दी जाए।

पिपरई में रेखा मौसी ने सजाया मां दुर्गा का भव्य दरबार, भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेखा मौसी द्वारा मां दुर्गा की भव्य एवं मनमोहक झांकी सजाई गई है। माता रानी का दरबार आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। रेखा मौसी द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ माता रानी की झांकी का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एवं श्रद्धालु शामिल होकर मां दुर्गा की आराधना करते हैं। माता रानी के जयकारों और भक्ति से पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। रेखा मौसी ने नगरवासियों से आयोजन में शामिल होकर माता रानी के दर्शन करने तथा पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। उन्होंने मां दुर्गा से समस्त नगरवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

जनगणना 2027 की अनुदेश पुस्तिका कलेक्टर को भेंट की

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय को सोमवार को जनगणना 2027 की अनुदेश पुस्तिका को अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन सिंह, संयुक्त निदेशक जनगणना रामावतार पटेल, जमील खान जिला जनगणना प्रभारी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

ईसागढ़ में भाजपा की मासिक बैठक संपन्न, राजमाता विजयाराजे सिंधिया को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



नगर के रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी मंडल ईसागढ़ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और मंडल के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके द्वारा स्थापित किए गए उच्च आदर्शों को याद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजमाता विजयाराजे सिंधिया के राजनीतिक जीवन, उनके आदर्श विचारों और नैतिक आचरण को याद किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उनके विचारों और सिद्धांतों को समाज एवं जनसेवा के कार्यों में प्रेरणादायी बताया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष केशव जोशी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष गोविंद सोनी, मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,मंडल महामंत्री प्रदीप सेन एवं गंगाराम वाल्मीकि सहित प्रणव औदिच्य, अरविंद, अन्ना विवेक तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की नियमित गतिविधियों, मंडल स्तर पर पार्टी के कार्यों और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा की गई।पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

अग्रसेन जयंती के समापन समारोह में अग्रवाल समाज के प्रांतीय अध्यक्ष शामिल हुए

पुरस्कार वितरण व मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





विगत चार दिनों से अग्रवाल पैलेस में आयोजित अग्रसेन जयंती का समापन समारोह पूर्वक किया गया। इस समापन अवसर पर अग्रवाल महासभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष कैलाश मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम की शुरूआत अग्रसेन महाराज की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन के साथ की गई। इस मौके पर अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मितल ने महाराज अग्रसेन के जीवन दर्शन पर अपने विचार रखे और कहा कि हम उनके बताए हुए रास्ते पर चलें, पीड़ित मानवता की सेवा ही महाराजा अग्रसेन के सिद्धातों को आगे बढ़ाने में सहायक है। उनके द्वारा समाज को दिए गए संदेश को हम सभी मिलकर आगे तक ले जाएं। इसी मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन परोपकार के संदेशों से भरा पड़ा है। अशोकनगर में अग्रवाल समाज ने अग्रसेन जंयती का पर्व जिस उत्साह से मनाया है और अपनी अपनी सहभागिता प्रदान की है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, सचिव मनीष बसंल ने भी अतिथियों का सम्मान करते हुए आयोजित समारोह को संबोधित किया।

सभी अग्रवाल बंधुओं के साथ अग्रवाल महिला महासभा द्वारा अशोकनगर में एक बर्तन बैंक का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य डिस्पोजल का कम से कम उपयोग करना है। इसके बाद महिलाओं द्वारा एक बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत किया गया। जो भारत के विभिन्न राज्यों से संबंधित नृत्य था। इसके बाद पुरस्कार वितरण एवं समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन एवं समाज के बहुत बड़ा वर्ग उपस्थित रहा। अंत में मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट कर उनका सम्मान किया गया। अंत में समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल एवं मनीष बंसल ने समाज जन एवं सभी का आभार प्रकट किया।



भाजपा मंडल शाढ़ौरा ने विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

भाजपा मंडल द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उन्हें नमन कर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मंडल प्रभारी सुनील रघुवंशी द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी सुनील रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सिंह सेजी, नगरपरिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, वरिष्ठ नेता मुन्नालाल नामदेव, मंडल उपाध्यक्ष हर्षित जैन, भूपेंद्र दुबे, शिवराज सिंह कुंदौरा, सत्येंद्र चैरसिया,प्रदीप साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष रामू रघुवंशी, मीडिया प्रभारी राजकुमार रघुवंशी, नागेंद्र सिंह, सानू चैरसिया,विवेक तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, मोहन सिंह, बारेलाल खटीक, नासिर खान, अरुण रघुवंशी विनय तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में की समीक्षा, लंबित शिकायतों पर सख्ती के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में राजगढ़ टॉप 10 व समग्र आधार ई-केवाईसी में टॉप 3 में

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में कलेक्टर डॉ. गिरीष कुमार मिश्रा द्वारा समय-समय पर सख्ती से की गई मॉनीटरिंग का परिणाम निकलकर प्रदेष में सामने आया है। इसी को लेकर सोमवार को कलेक्टर डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक एवं जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, जनविश्वास अभियान, कानून-व्यवस्था एवं अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं, आधार मॉनिटरिंग बैठक में आधार पंजीयन, ई-केवाईसी, निष्क्रिय ईसीएमपी किट तथा विद्यार्थियों के आधार संबंधी लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में राजगढ़ जिले के मध्यप्रदेश के टॉप-10 में और समग्र आधार ई-केवाईसी में राजगढ़ जिले के प्रदेश में टॉप-3 स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समन्वित प्रयास जारी रखते हुए शिकायतों का प्रभावी निराकरण किया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा प्रत्येक शिकायत पर समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा नगर परिषद के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के निर्देश दिए।



लंबित शिकायतों पर प्रति अधिकारी 2 हजार रुपये जुर्माना

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन करने वाले चार अधिकारियों पर प्रति अधिकारी 2 हजार रुपये के मान से जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। इनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यावरा इकरार अहमद, तहसीलदार पचोर अकलेश मालवीय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी खिलचीपुर देवनारायण दांगी तथा उप प्रबंधक मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित गौरव गुप्ता शामिल हैं। जनविश्वास अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग की विगत सात दिनों में 13 शिकायतों का निराकरण नहीं कराए जाने पर संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आवास संबंधी 10 शिकायतें लंबित रहने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आशीष के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिकायतों के निराकरण में जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण नहीं कराए जाने पर जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

अवमानना प्रकरणों में समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएगी।

नवरात्रि में थानों की मांग के अनुसार कोटवारों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नवरात्रि पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि थानों से प्राप्त मांग के अनुसार आवश्यक संख्या में कोटवारों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

आधार सेवाओं के विस्तार के लिए निष्क्रिय किट की समीक्षा

जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), राज्य कार्यालय भोपाल के प्रतिनिधि अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में निष्क्रिय ईसीएमपी किट की समीक्षा करते हुए यूआईडीएआई के राज्य कार्यालय से ऐसी किटों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक किट से प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों के औसत की समीक्षा की गई। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को वितरित की गई किटों की संख्या की जानकारी लेते हुए जिले के अन्य सीएससी को भी किट उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) को सक्रिय करने के निर्देश दिए, ताकि इसके माध्यम से भी आधार पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

विद्यार्थियों के आधार पंजीयन एवं एमबीयू लंबित मामलों पर दिया जोर

बैठक में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) की लंबित स्थिति तथा ऐसे विद्यार्थियों की संख्या की समीक्षा की गई, जिनके आधार कार्ड अभी तक नहीं बने हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के आधार पंजीयन एवं लंबित बायोमेट्रिक अपडेट का कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने, आधार संबंधी सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करने तथा सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

मनाया महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

5 दिवसीय महोत्सव, 51 फीट की चुनरी लेकर निकली महिलाएं, मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें समाज की महिलाओं, युवाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन का पूजन-अर्चन कर आरती की। शोभायात्रा में महिलाएं 51 फीट लंबी चुनरी लेकर चल रही थीं, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। वहीं, वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर भजन प्रस्तुत करते कलाकारों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर महिला-पुरुष नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

मावलिया माता मंदिर में चढ़ाई चुनरी

शोभायात्रा समाज की कुलदेवी मावलिया माता मंदिर पहुंची, जो डूंगरी रोड पर स्थित है। यहां समाजजनों ने माता को 51 फीट की चुनरी अर्पित कर पूजन-अर्चन एवं आरती की। इसके बाद समाज की धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की आरती की गई। समाज अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण भी किया गया।

महासभा में लिए समाजहित के निर्णय

जन्मोत्सव के अवसर पर दोपहर में समाज की महासभा आयोजित की गई। इसमें मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के विकास एवं हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान खेलकूद और सांस्कृतिक आयोजनों ने समाजजनों को एकजुट होने का अवसर दिया। देर रात 'तोलमोल के बोल' गेम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

सिंहस्थ 2028 की तैयारी, चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बनेगा हॉल, चौधरी ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में श्री चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति, देव कुआं सारंगपुर द्वारा मंदिर परिसर में सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और धार्मिक गतिविधियों के लिए 14, 18 फीट के हॉल का भूमि पूजन किया गया। नवरात्रि की दूज के पावन अवसर पर मंदिर में भगवान महादेव का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन पं. विष्णु प्रसाद जोशी द्वारा यजमान राजन टेटवाल एवं रमेशचंद गुजरिया ने सपत्नीक संपन्न कराया।



वहीं, श्री चिंताहरण हनुमानजी का अभिषेक एवं चोला चढ़ाने का कार्यक्रम कांतिलाल सूरजमल प्रिंस क्लॉथ सेंटर के संचालक अरविंद चैधरी एवं चैधरी परिवार के सहयोग से किया गया। समिति द्वारा गत माह आयोजित बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हॉल निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था। इसी प्रस्ताव के क्रियान्वयन में भूमि पूजन किया गया। हॉल का निर्माण अनुमानित तीन लाख रुपए की लागत से सहयोग के माध्यम से कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अन्य श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों से भी जनसहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर महेश पाटीदार, जितेंद्र सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सादानी, जगदीश चैरसिया, कैलाश पुष्पद भगत, कैलाश गौड़, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, शिवसिंह चैहान, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, जय हिंद प्रकाश दुबे, ओम राठी, रमेशचंद महेश्वरी, शिवनारायण मालवीय सहित मंदिर विकास समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत प्रतियोगिताओं में विजेता पुरस्कृत

अग्रसेन जयंती पर प्रतियोगिताएं आयोजित, ध्वजा रोहण किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के आवास कालोनी स्थित अग्रवाल समाज धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की जयंती पर समाज जनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं की तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत विधायक हजारीलाल दांगी ने ध्वजा रोहण एवं ध्वज पूजन से की जिसमें समाज के वरिष्ठजन मदनलाल अग्रवाल, पवन खरेशवाल , जितेन्द्र अग्रवाल , शैलेष खरेशवाल , दीपक सिंहल , धमेंद्र अग्रवाल ,दीपक गोयल ,संतोष बंसल , मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित हुए। समाजजनों एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया।समाज के वरिष्ठ जनों की प्रमुख उपस्थिति तथा नवनियुक्त अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल सचिव मंगलेश गोयल , नवयुवक मंडल अध्यक्ष निवेदन माधावत , महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंहल , विशेष आमंत्रित सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती ज्योत्सना दांगी की उपस्थिति में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर कृष्णा माधवत ,स्वाति खरेशवाल,शीतल खरेशवाल , मंजू खरेशवाल , नीलम , साधना , हर्षा,गरिमा , सरिता , निर्मल अग्रवाल , रीना , चिंतामणि , यशी अग्रवाल , मेघा गोयल सहित महिला पुरुष युवा उपस्थित थे। संचालन शिक्षक अशोक अग्रवाल ने किया।

डॉ. रविंद्र मीना को सौंपा ब्यावरा ब्लॉक प्रभारी व चुनाव प्रबंधन का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस महासचिव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुरावर एवं वर्तमान नगर परिषद कुरावर पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविन्द्र मीना को ब्यावरा ब्लॉक का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही आगामी चुनावों के दृष्टिगत उन्हें चुनाव प्रबंधन की भी अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए डॉ. रविन्द्र मीना ने कहा, जिलाध्यक्ष जी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। पूर्व में ब्लॉक अध्यक्ष और वर्तमान में पार्षद के रूप में मिले जनसेवा के अनुभव का लाभ उठाते हुए पार्टी द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी का मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करूँगा। उन्होंने आगे कहा कि ब्यावरा ब्लॉक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को एकजुट कर चुनाव प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कांग्रेस पार्टी की नीतियों और जन-कल्याणकारी मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाकर क्षेत्र में पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगे।इस नियुक्ति पर ब्यावरा एवं राजगढ़ जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने डॉ. रविन्द्र मीना को बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं।

डॉ. शिवजी चौक पर सजी माता रानी की झांकी, श्री शिवाय सेवा मंडल ने कराया कन्या भोज

नरसिंहगढ़। श्री शिवाय सेवा मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को डॉक्टर शिवजी चैक पर नगर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौक में माता जी की आकर्षक झांकी भी सजाई गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में नजर आया।धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ आयोजित कार्यक्रम में कन्या भोज के माध्यम से कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। वहीं, डॉक्टर शिवजी चौक पर सजी माता जी की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन के माध्यम से धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ समाज में सेवा, श्रद्धा और समर्पण का संदेश दिया गया।श्री शिवाय सेवा मंडल द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर की धार्मिक परंपरा और आस्था की झलक देखने को मिली

त्र्यंबकेश्वर महादेव परिसर में रामलीला का मंचन

श्रीराम वनवास व राजा दशरथ के प्राणांत की लीला के मंचन ने दर्शकों को किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के शिव चौक स्थित त्र्यंबकेश्वर महादेव परिसर में श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीरामलीला के छठवें दिन स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीराम के वनवास और राजा दशरथ के देहावसान की लीला का सजीव मंचन किया। मार्मिक दृश्यों ने उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।मंचन के दौरान भगवान श्रीराम के वनवास जाने, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के उनके साथ वन गमन तथा पुत्र वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने के प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय ने रामायण के इन मार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। लीला के दौरान राजा दशरथ का पुत्र वियोग और भगवान श्रीराम का पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनवास स्वीकार करना दर्शकों के लिए भावुक क्षण रहे। राम का वनवास जाना तथा केवट का राम लक्ष्मण सीता को गंगा पार कराने के प्रसंग का चित्रण ऐसा लग रहा था कि मानो साक्षात राम केवट मल्लाह हुबाहु चर्चा कर रहे थे।रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

प्रियंका कॉलोनी में श्री नव दुर्गा उत्सव समिति की अनूठी पहल

प्लास्टिक की 10 से 15 हजार बोतलों से बनी अनोखी झांकी, लोगों को पर्यावरण संरक्षण का दे रही संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नवरात्रि के पावन अवसर पर कुरावर के लसूड़लिया रोड स्थित प्रियंका कॉलोनी में श्री नव दुर्गा उत्सव समिति ने अनूठी पहल करते हुए प्लास्टिक की पानी की बोतलों से भव्य झांकी तैयार की है। वार्ड क्रमांक 3 और 4 में स्थापित यह झांकी अपनी अनूठी कलाकारी और रचनात्मकता के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।समिति के अनुसार, इस झांकी को तैयार करने में लगभग 10 से 15 हजार प्लास्टिक की पानी की बोतलों का उपयोग किया गया है। 'कबाड़ से जुगाड़' की अवधारणा पर आधारित इस पहल के माध्यम से बेकार प्लास्टिक का रचनात्मक उपयोग करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है।झांकी की सबसे खास बात इसका निर्माण है। आमतौर पर सजावट के लिए विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया जाता है, लेकिन यहां प्लास्टिक की खाली बोतलों को कलात्मक रूप देकर एक आकर्षक संरचना तैयार की गई है। इससे न केवल समिति की रचनात्मक सोच सामने आई है, बल्कि लोगों को कचरे के बेहतर उपयोग के लिए भी प्रेरणा मिल रही है। आयोजन से जुड़े लोगों का दावा है कि यह मध्यप्रदेश में इस तरह की पहली और देश में दूसरी झांकी है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अपनी अनूठी बनावट के कारण यह झांकी स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है।प्लास्टिक कचरे के रचनात्मक उपयोग की यह पहल नवरात्रि उत्सव को विशेष पहचान देने के साथ ही समाज को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का संदेश भी दे रही है।



शीतला माता से भैंसवा बिजासन माता तक निकालेंगे 101 मीटर चुनरी यात्रा

क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना करेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सारंगपुर से भैंसवा माता धाम तक 101 मीटर लंबी चुनर यात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार, 16 अक्टूबर को सुबह 7 बजे बागकुआं टंकी स्थित शीतला माता मंदिर से शुरू होने वाली संगीतमय यात्रा में ढोल-नगाड़े, बैंड और आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। श्रद्धालु मां बिजासन को चुनर अर्पित कर नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। यात्रा में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भी शामिल होंगे। यात्रा शीतला माता मंदिर से अंबे माता मंदिर, मुखर्जी चैक, महाकाल चैराहा, गांधी चैक, टेंशन चैराहा, भेरू दरवाजा, नजीबाबाद स्कूल, दीनदयाल चैराहा, नवीन बस स्टैंड और महाराणा प्रताप चैराहे से होते हुए भैंसवा माता धाम पहुंचेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में प्रत्येक दो किलोमीटर पर फलाहार और अल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी।

संजय विजयवर्गीय बने यात्रा प्रभारी

तैयारियों को लेकर साईं मंदिर में हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में सर्व हिन्दू समाज की बैठक हुई। इसमें संजय विजयवर्गीय को यात्रा प्रभारी तथा अमित पुष्पद और लोकेश सोलंकी को सह प्रभारी बनाया गया। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं और जनसंपर्क पर चर्चा हुई। आयोजकों ने बताया कि चुनर यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देना है।